Prof V. K. Tyagi

चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Ch. Charan Singh University, Meerut

Principal

पत्रांक : परीक्षा / डी0आर0 / 8696
दिनांक : 15.04.2024

महत्त्वपूर्ण विज्ञप्ति

विषय :– विषय कोडों G-117, G-130, G-273 एवं G-289 की परीक्षा तिथि परिवर्तन के सम्बन्ध में।

कृपया इस कार्यालय के पत्र संख्या : परीक्षा / डी0आर0 / 8695, दिनांक 14.04.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा दिनांक 16.04.2024 को आयोजित होने वाली केवल एम0ए0 (व्यक्तिगत) पाठ्यक्रम के विषय कोडों G-117, G-130, G-273 एवं G-289 की परीक्षाएं दिनांक 22.04.2024 को आयोजित कराये जाने का निर्णय लिया गया था।

कतिपय समाचार पत्रों ने भ्रमवश दिनांक 16.04.2024 को आयोजित होने वाली समस्त परीक्षाओं को स्थगित किये जाने की सूचना प्रकाशित की है जिसका एतद्द्वारा खण्डन किया जाता है।

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों एवं अध्ययनरत छात्रों को पुनः सूचित किया जाता है कि दिनांक 16.04.2024 को आयोजित होने वाली केवल एम0ए0 (व्यक्तिगत) पाठ्यक्रम के चार विषय कोडों G-117, G-130, G-273 एवं G-289 के अतिरिक्त अन्य किसी परीक्षा में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

अग्रतर, समस्त महाविद्यालयों / अध्ययनरत छात्रों से अनुरोध है कि किसी भी सूचना हेतु विश्वविद्यालय वेबसाईट www.ccsuniversity.ac.in पर प्रकाशित सूचनाओं पर ही विश्वास करें। अन्य किसी स्रोत से प्रकाशित खबर हेतु विश्वविद्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

15-04-2024
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. प्राचार्य / प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान / विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपर्युक्त विषयों की परिवर्तित तिथि के अनुसार ही परीक्षाएं सम्पन्न कराया जाना सुनिश्चित करें तथा यह विज्ञप्ति परीक्षा केन्द्र के नोटिस वोर्ड / प्रमुख स्थानों पर छात्रहित में चस्पा करना सुनिश्चित करें। साथ–साथ अपने स्थानीय समाचार पत्र में यह सूचना निःशुल्क प्रकाशित करवाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
03. नोडल अधिकारी / सहा0 नोडल अधिकारी, को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि यह सुनिश्चित करें कि उपर्युक्त परिवर्तित तिथि के अनुसार ही प्रश्नपत्र परीक्षा केन्द्रों को उपलब्ध कराये जायें।
04. वयैक्तिक सहायक, कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
05. वयैक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
06. सहा0 कुलसचिव / उप कुलसचिव / प्रभारी (परीक्षा / गोपनीय)।
07. प्रभारी–कमेटी सेल।
08. प्रभारी–अति गोपनीय विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
09. प्रभारी–कम्प्यूटर केन्द्र / विश्वविद्यालय वेबसाईट।
10. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता / प्रभारी–कम्प्यूटर केन्द्र / विश्वविद्यालय वेबसाईट।
11. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्रों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त महत्त्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्रों के सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए, छात्रहित में, निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
12. विश्वविद्यालय पूछताछ–केन्द्र / सूचना पट।

15/04

उप कुलसचिव (परीक्षा)